2024/28

फर्द अहकाम

(नियम 26)

न्यायालय जिला कलक्टर, सिरोही

प्रार्थी / अपीलांट — बनाम — **अप्रार्थी / रेस्पोडेन्ट**

श्री प्रेमाराम पुत्र श्री गमनाजी
जाति कलबी निवासी हस्तिनापुर
कालन्द्री तहसील व
जिला सिरोही।

सरकार जरिये लोक सूचना अधिकारी
मुख्य कार्यकारी अधिकारी
जिला परिषद सिरोही

किस्म मुकदमा– **अपील अन्तर्गत धारा 19 आर.टी.आई. एक्ट 2005** मुकदमा नं. 66 वर्ष 2024

दिनांक हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज	नम्बर व तारीख जो इस हुक्म की तामिल में जारी हुए
22.02.2024	अपीलांट ने यह प्रथम अपील रेस्पोडेन्ट के विरूद्ध सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 6 के तहत उनके द्वारा मांगी गई सूचना उपलब्ध नही कराने से धारा 19 के तहत प्रस्तुत की गई। अपीलांट की अपील दर्ज रजिस्टर की जावे। अपीलांट द्वारा अपनी अपील में निवेदन किया गया हैं कि उसके द्वारा लोक सूचना अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही को दिनांक 08.01.2024 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि नवारा बांध व सम्पूर्ण सिरोही जिले में डाउनस्ट्रीम में आए हुए टयूबवेल व ओपनवेल (बोरवेल) व उनसे पूर्व में नवारा बांध व अन्य बांध को क्या क्षति हुई है व उसकी समस्त जांच रिपोर्ट से सम्बन्धित सूचना लोक सूचना अधिकारी से दिलाये जाने का निवेदन किया गया था। किन्तु निर्धारित समयावधि में उसे चाही गई सूचना उपलब्ध नही कराई गई हैं। मैने पत्रावली का अवलोकन किया तो पाया गया कि अपीलांट द्वारा निर्धारित शुल्क रूपये 10/– जमा करा दिये है। अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही को दिनांक 08.01.2024 को एक प्रार्थना पत्र देकर निवेदन किया है कि नवारा बांध व सम्पूर्ण सिरोही जिले में डाउनस्ट्रीम में आए हुए टयूबवेल व ओपनवेल (बोरवेल) व उनसे पूर्व में नवारा बांध व अन्य बांध को क्या क्षति हुई है व उसकी समस्त जांच रिपोर्ट से सम्बन्धित सूचना उपलब्ध करवाई जावे। पत्रावली के अवलोकन से यह पाया जाता है कि अपीलांट द्वारा चाही गई सूचना लोक सूचना अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही से सम्बन्धित है। चूंकि लोक सूचना अधिकारी मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद सिरोही के प्रथम अपील अधिकारी जिला कलक्टर, सिरोही नहीं है। अतः ऐसी स्थिति में अपीलांट की अपील खारिज की जाती है। निर्णय सर–ए–इजलास सुनाया गया। पत्रावली फैसल शुमार होकर नंबर से कम हो। (शुभम चौधरी) जिला कलक्टर, सिरोही Signature Not Verified Digitally signed by Shubham Chaudhary Date: 2024.03.15 16:29:09 IST Reason: SelfAttested	

Scanned with CamScanner